शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक 14.09.24

थाना खुटार पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

थाना खुटार पुलिस द्वारा 04 शातिर चोरो को मय चोरी किये गये बिजली के तार(कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये) के साथ किया गया गिरफ्तार।

श्री राजेश एस0, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के कुशल निर्देशन मे श्री मनोज कुमार अवस्थी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुवायां के निकट पर्यवेक्षण मे रोकथाम अपराध चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति तलाश वांछित अभियुक्त के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 464/2024 धारा 303(2) बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर चोरो सहित चोरी का माल बिजली के तार (05 बंडल) वजन करीब 04 क्विंटल कीमत लगभग 2.5 लाख रूपये को **दिनांक 13.09.2024 को समय 17.25 बजे दियुरिया झदिया के जंगल से** अभियुक्तगण की निशादेही पर उनके कब्जे से बरामद किया गया। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे **धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि** करते हुए अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

हिरासत शुदा अभियुक्त का विवरणः-

1. आनन्द पुत्र धर्मेन्द्र नि0 मो0 आजादनगर कस्बा व थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 24 वर्ष
2. रोहित कुमार पुत्र निलेश कुमार नि0 ग्रा0 बिलसण्डी बुजुर्ग थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 29 वर्ष
3. आशीष कुमार मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा नि0 मो मस्करा मिशन कस्बा व थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 35 वर्ष
4. रामजीत पुत्र अरविंद कुमार नि0 ग्रा0 कहमारा थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 22 वर्ष बताया

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

दिनांक 13.09.2024 को समय 17.25 बजे दियुरिया झदिया के जंगल से

आपराधिक इतिहा स

1. मु0अ0सं0 464/2024 धारा 303(2) / 317(2) बीएनएस

बरामदगी

1. बिजली के तार (05 बंडल) वजन करीब 04 क्विंटल कीमत लगभग 2.5 लाख रूपये

पूछताछ अभियुक्तगण

पकडे गये चारो अभियुक्तगण से मुकदमा उपरोक्त के बारे मे पूछताछ की गई तो बताया कि हम चारो लोग बिजली के तार लगाने कि लेबरी का काम करते है आनन्द उपरोक्त ने बताया कि मैं अचल कुमार वर्मा की तार लगाने की तार लगाने की फर्म में काम करता हूँ कुछ दिनो पहले मैनें तथा अचल वर्मा ने ही तार का बड़ंल कम्पनी से खरीदकर ग्राम मैनिया में रिकुं कि दुकान के सामने रखवाया था काफी दिनो तक तार का काम में उपयोग न होने के कारण मेरे मन में लालच आ गया था तो मैने अपने साथी 1. रोहित 2. आशीष कुमार मिश्रा 3. रामजीत उपरोक्त के साथ मिलकर तार चोरी करने की योजना बनाई थी और दिनाँक 7/09/2024 को समय करीब 1 बजे हम चारो एक पिकप गाड़ी किराए पर बुक करके ले गए थे तथा बिजली के तार को वहाँ से चोरी कर ग्राम दियुरिया झदिया के जंगल में छिपाकर रख दिया था अब हम उस चोरी के तार को पाँच बड़लों में बना लिया है तथा उन बड़लो को हम बेचने की फिराक में थे कि आपने हमें पकड़ लिया। अभियुक्तगण की निशादेही पर उनके कब्जे से तार के बंडल बरामद किये गये।

हिरासत में लेने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 श्री उ0नि0 अशोक कुमार थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
2. प्रशिक्षु उपनिरीक्षक मोहित कुमार थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
3. हे0का 357 मुकेश गिरि थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
4. का0 94 हरिओम थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
5. का0 2087 विशाल कुमार थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर
6. का0 2205 सिकन्दर मलिक थाना खुटार जिला शाहजहाँपुर